आकाशवाणी शिमला
26.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ इस वर्ष की बैठक का विषय ''विकसित भारत–2047 रखा गया है। इस बैठक में विकसित भारत पर दृष्टिपत्र के प्रस्ताव पत्र पर चर्चा होगी। नीति आयोग के अनुसार शासी परिषद की बैठक का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों की जनसंख्या के लिए जीवन की गुणवत्ता बढाने के प्रति केंद्र और राज्य सरकारों के बीच शासन और सहयोग की भागीदारी को बढावा देना है। इस बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

कारगिल विजय दिवस

राष्ट्र आज कारगिल विजय दिवस की रजत जंयती मना रहा है। इस अवसर पर देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने द्रास में शहीदों को नमन करते हुए कहा कि कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था, बल्कि सत्य, संयम और सामर्थ्य का अद्भुत परिचय दिया था। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि देश की सेना ने 5 हजार से अधिक हथियारों और सैन्य उपकरणों की सुची बनाकर ये तय किया है कि ये 5 हजार सैन्य उपकरण अब विदेशों से नहीं मंगवाए जाएंगे। इस बीच प्रधानमंत्री ने शिंकुला सुरंग परियोजना के निर्माण कार्य का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। यह परियोजना लेह से बेहतर संपर्क बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। लगभग पंद्रह हजार 800 फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली चार किलोमीटर से अधिक लंबी ये सुरंग लेह को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। निर्माण कार्य पूरा होने पर यह विश्व की सबसे ऊंची सुरंग होगी। इधर प्रदेश में भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित किया गया। समारोह में स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल ने शहीदों के परिजनों को समानित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में देश भक्ति की भावना का संचार हो इसके लिए इस तरह के कार्यक्रमों का बड़े स्तर पर आयोजन करने की आवश्यकता है। इस बीच सेना द्वारा 24 जुलाई से रिज मैदान पर कारगिल विजय दिवस रजत जंयती महोत्सव मनाया जा रहा है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मंडी में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पूरा देश कारगिल के शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुला सकता। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने हमीरपुर ज़िले के समीरपुर में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने राजधानी शिमला स्थित हनुमान मंदिर जाखू को टिम्बर ट्रेल के माध्यम से तारा देवी मंदिर से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाया और कहा कि ये दोनों ही मंदिर लोगों की धार्मिक आस्था के केंद्र है और स्थानीय लोगों सहित बाहरी राज्यों से सैलानी भी वर्षभर इन मंदिरों में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इन मंदिरों के टिम्बर ट्रेल के माध्यम से आपस में जुड़ने से सैलानियों की संख्या बढ़ेगी और पर्यटन व्यवसाय को भी बल मिलेगा।

सिकंदर कुमार ने शिमला शहर में फ्लाई ओवर बनाने और सड़कों को चौड़ा करने के लिए उचित बजट प्रावधान किए जाने की भी केंद्र सरकार से मांग की है।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा व प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को निजी क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार तैयार किया जाएगा ताकि उन्हें आसानी से रोजगार मिल सके। वे आज कांगड़ा ज़िले के नगरोटा में एक मैगा मैडिकल कैंप के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। धर्माणी ने बताया कि नगरोटा इंजिनियरिंग कॉलेज में कम्पयूटर सांईस का कोर्स शुरू करने के लिए 50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने सेब बागवानों को दिए जा रहे यूनिवर्सल कार्टन की गुणवता पर सवाल उठाए हैं। पार्टी का आरोप है कि सिंगल लेयर यूनिवर्सल कार्टन बागवानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है और इससे बागवानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। विधायक व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बलवीर वर्मा और चेतन बरागटा ने आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकार सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सरकार ने वामपंथियों के दबाव में जल्दबाजी में यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का फैसला लिया जिससे अब बागवानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है।